
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

17 दिसम्बर 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

महानता कभी न गिरने में नहीं है बल्कि

हर बार गिरकर उठ जाने में है ।

कन्फ्यूशियस



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

## मधु प्रिया

# भारतीय सांख्यिकी संस्थान स्थापना दिवस 17 दिसंबर

भारतीय सांख्यिकी संस्थान की स्थापना **17** दिसंबर, **1931** में हुई। यह कोलकाता के उत्तर उपनगरी बरानगर में स्थित एक शोध संस्थान और विश्वविद्यालय है। मूलभूत विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान के अध्ययन और अनुसंधान के लिहाज से देश का सबसे प्रतिष्ठित एवं प्रमुख केंद्र भी है। इसकी स्थापना वर्ष **1931** में प्राध्यापक प्रशान्त चन्द्र महलनोबिस ने की थी। इसका मुख्यालय कोलकोता में है। इसके अतिरिक्त इसके दो उपकेन्द्र दिल्ली और बंगलुरू में स्थित हैं। इसका कार्य सांख्यिकी का शिक्षण, सांख्यिकी में अनुसंधान तथा अन्य वैज्ञानिक व सामाजिक विधाओं में सांख्यिकी का अनुप्रयोग करना है। भारतीय सांख्यिकी संस्थान (आई.एस.आई) को वर्ष **1959** में भारतीय संसद के एक विधेयक द्वारा 'राष्ट्रीय महत्व की संस्था' का गौरव प्राप्त है। आईएसआई के संस्थापक महालनोबिस, रवींद्रनाथ टैगोर और ब्रजेंद्रनाथ सील के ज्ञान और मार्गदर्शन से गहराई से प्रभावित थे । उनके नेतृत्व में, संस्थान ने दो पहलुओं - इसकी सामान्य प्रयोज्यता और अपने स्वयं के विकास के लिए अन्य विषयों पर इसकी निर्भरता - की खोज करके एक महत्वपूर्ण तकनीक के रूप में सांख्यिकी की भूमिका को आगे बढ़ाने के लिए प्राकृतिक और सामाजिक विज्ञान के साथ सांख्यिकी की बातचीत को शुरू किया और बढ़ावा दिया। कंप्यूटर विज्ञान, सांख्यिकी, मात्रात्मक अर्थशास्त्र और संबंधित विज्ञानों में प्रशिक्षण और अनुसंधान के लिए संस्थान को अब दुनिया के अग्रणी केंद्रों में से एक माना जाता है।

# Teachers of Bihar

The change makers


## पुण्यतिथि विशेष 17 दिसम्बर

काकोरी कांड में महत्वपूर्ण भूमिका
निभाने वाले वीर क्रांतिकारी

## राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी

की पुण्यतिथि पर शत्-शत् नमन

23 जून, 1901-17 दिसंबर, 1927



"मैं मर नहीं रहा हूं, बल्कि स्वतंत्र भारत में
पुनर्जन्म लेने जा रहा हूं।"

-राजेंद्रनाथ लाहिड़ी
(फांसी पर चढ़ने से पहले)

राजेन्द्रनाथ लाहिड़ी जन्म - **29** जून **1901** मृत्यु - **17** दिसम्बर **1927 )** भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महत्वपूर्ण स्वतंत्रता सेनानी थे। युवा क्रान्तिकारी लाहिड़ी की प्रसिद्धि काकोरी काण्ड के एक प्रमुख अभियुक्त के रूप में हैं। वे हिन्दुस्तान रिपब्लिकन ऐसोसिएशन के प्रमुख सदस्य थे जिसका ध्येय भारत को ब्रितानी दासता से मुक्त करना था।

# TOB खेल कॉर्नर




## टी-20 पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय

| विकेट | गेंदबाज | इकोनॉमी |
|---|---|---|
| 48 | अर्शदीप सिंह | 7.59 |
| 47 | भुवनेश्वर कुमार | 5.73 |
| 33 | जसप्रीत बुमराह | 6.25 |
| 21 | अक्षर पटेल | 7.81 |
| 21 | वॉशिंगटन सुंदर | 6.67 |
| 19 | आशीष नेहरा | 7.15 |

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **17.12.2025**

## डेविड आसुबेल का अधिगम सिद्धांत

डेविड आसुबेल **(David Ausubel)** का अधिगम सिद्धांत, जिसे सार्थक अधिगम सिद्धांत **(Meaningful Learning Theory)** या आधुनिक संज्ञानात्मक सिद्धांत **(Modern Cognitive Theory)** भी कहते हैं, यह बताता है कि नई जानकारी को मौजूदा ज्ञान से जोड़कर सीखने से स्थायी और उपयोगी ज्ञान बनता है, जहाँ सीखने वाला विषय वस्तु के अर्थ को समझता है और उसे अपनी पूर्व ज्ञान संरचना में समाहित करता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान




**हार्दिक पांड्या** ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में **वर्ल्ड रिकॉर्ड** बना दिया है। वो अंतर्राष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में **एक हजार रन** और 100 विकेट पूरे करने वाले दुनिया के पहले तेज **गेंदबाजी ऑलराउंडर** बन गए हैं।

# पद्य पंकज

“

करने वाला इतिहास निर्माता होता है,
सिर्फ सोचते रहने वाला इतिहास के
भयंकर रथचक्र के नीचे पिस जाता है।
इतिहास का रथ वो हाँकता है, जो
सोचता है, और सोचे को करता भी है।

**हजारी प्रसाद द्विवेदी**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org

# ToB बूझो तो जानें..



545

ये धनुष है सबको भाता, मगर लड़ने के काम न आता
....बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

Teachers Of Bihar

# सर्वम क्षणिकम

सब कुछ क्षणिक है

# Everything is momentary!